महत्वपूर्ण एवं खास

शीतलहर की चपेट में कोरबा जिला

कोरबा(आरएनएस)। सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। जिला शीतलहर की चपेट में है। रात में तापमान 5 डिग्री तक पहुंच जाता है। इससे दोपहर में भी अब लोगों को ठिठुरन भरी ठंड से निजात नहीं मिल रही है। रात में लोग अलाव का सहारा लेने लगे हैं। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव तापते देखा जा सकता है। गुरुवार को बारिश के बाद जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार आगे तीन दिनों तक तापमान का पारा अधिकतम 22 डिग्री व .यूनतम 5 ि बढ़ गई। डॉक्टरों के अनुसार ठंड बढने का असर ब.चों व बुजुर्गों पर अधिक पता है। बाहर जाते समय गर्म कपड़े व चेहरे को बांधकर निकले। ताकि ठंड न पड़े। खानपान में सावधानी बरतें। हृद्य रोग से पीड़ितों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

1 किलो 5 सौ ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। गांजा बेचने के जुर्म में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक किलो 5 सौ ग्राम गांजा मादक पदार्थ जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को पेप्सी कंपनी के पास उरला में राजू यादव 36 वर्ष पिता भरत यादव को गांजा बेचने की सूचना पर छापा मारकर आरोपी के कब्जे से झिल्ली में रखे 1 किलो 5 सौ ग्राम गांजा मादक पदार्थ जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक्स 20बी के तहत कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

हाथी ने स्कूल का बॉउण्ड्रीवाल व छप्पर गिराया

कोरबा(आरएनएस)। वन मण्डल कोरबा के करतला रेंज में खतरनाक हाथी गणेश व उसके साथी दंतैल का आतंक जारी है। बीती रात गणेश ने रेंज के दादरपारा में उत्पात मचाते हुए सरकारी स्कूल केबॉउण्ड्रीवाल व छप्पर को गिरा दिया। स्कूल में गणेश के उत्पात की जानकारी आज सुबह तब लगी, जब लोगों ने बॉउण्ड्रीवाल व छप्पर को गिरा हुआ पाया। इससे पहले हाथी ने बॉउण्ड्रीवाल तोडक़र स्कूल में प्रवेश किया तथा भवन को नुकसान पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर वन अमला मौके पर पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार गणेश व उसका साथी पीडिया में एक सप्ताह से डेरा जमाया हुआ है। पहले यह खलिहान में धान की खरही को खा रहा था और वापस जंगल में लौट जा रहा था। बीती रात इसने स्कूल भवन को निशाना बनाया।

युवक की गले पर ब्लेड से वार कर चोट पहुंचाया, मामला दर्ज

रायपुर(आरएनएस)। आपसी विवाद में युवक के गले पर ब्लेड से वारकर घायल कर देने की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम केंद्री अभनपुर निवासी दुलेश कुमार कोसले 22 वर्ष पिता जेठुराम कोसले ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 25 दिसंबर को सतनामीपारा केंद्री में आपसी विवाद में सूरज टंडन निवासी ठेलकाबांधा अभनपुर ने प्रार्थी के गले पर ब्लेड से वारकर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

प्रकाश पर्व पर आज दोपहर में गुरूनानक नगर से निकलेगा नगर कीर्तन

रायपुर (आरएनएस)। गुरू गोविंद सिंघ के 353वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज दोपहर करीब 1.30 बजे से गुरूनानक नगर स्थित गुरूद्वारा से पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकाला जाएगा। नगर कीर्तन बाबा धन धन बुढ्ढा साहिब मार्ग, भगत सिंह चौक, केनाल रोड, शंकरनगर चौक होते हुए पंडरी स्थित गुरूद्वारा गोविंद नगर में सायं लगभग 07 बजे समाप्त होगा। ज्ञात हो प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रतिदिन तड़के 4 बजे राजधानी के सभी गुरूद्वारों से प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्र रहे आकर्षण का केन्द्र

रायपुर(आरएनएस)। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्र आकर्षण का केन्द्र बना रहा। प्रदर्शनी में त्रिपुरा राज्य के कलाकारों एवं अन्य राज्यों के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्रों को देखा और इसके बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्रदर्शनी में छत्तीगढ़ के जनजातीय समुदायों द्वारा उपयोग किए जाने वाले चरहे, पुलकी, नकडेवन, बाना, खजेरी, बांस बाजा, हिरनांग, तंबूरा, तुडबुडी, मुंडा बाजा, कोंडोडका, नंगाडा, मृदंग, गतका, चिकारा, मांदरी आदि वाद्य यंत्रों को प्रदर्शित किया गया है। इन वाद्य यंत्रों को अन्य राज्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने भी देखा और जानकारी प्राप्त की। त्रिपुरा के कलाकारों ने प्रदर्शनी में लगाए गए छायाचित्रों का भी अवलोकन किया।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ थीम पर आधारित प्रदर्शनी में छत्तीसगढ का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, महात्मा गांधी का द्वितीय छत्तीसगढ़ प्रवास, छत्तीसगढ़ के जलप्रपात, छत्तीसगढ़ तीज त्यौहार, पारंपरिक श्रृंगार, छत्तीसगढ़ के जैव-विविधता, पशु-पक्षियों, छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य, बस्तर की धरोहरे, छत्तीसगढ़ का खजुरहो भोरमदेव, पर्यटन स्थलों सिरपुर, पुरातत्विक पुरास्थलों और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राम वन गमन मार्ग को छायाचियों और शब्दों के माध्यम से दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में आदिकालीन छत्तीसगढ़ को भी छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य का गठन राजधानी संख्या, क्षेत्रफल, यहां की भाषा को भी बताया गया है। जनसम्पर्क विभाग के प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की सभी जानकारियों को प्रदर्शित किया गया है।

डांग नृत्य ने बटोरी तालियां : गोजरी बैट नृत्य में सर्व धर्म सद्भाव की झलक

» बकरवाल नृत्य में विवाह कार्यक्रम की जीवंत प्रस्तुति

रायपुर(आरएनएस)। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के अंतिम दिन गुजरात के जनजातीय कलाकारों ने मनोहारी डांग नृत्य प्रस्तुत किया। डांग नृत्य में बस्तर के जनजातीय समुदाय द्वारा किए जाने वाले नृत्य की झलक दिखाई दी। डांग नृत्य गुजरात में होली एवं अन्य त्यौहार के अवसर पर किया जाता है। डांग नृत्य तेज गति से किए जाने वाला नृत्य है। गुजरात के आदिवासी लोक नृत्य डांग उनके पारंपरिक विधा पर आधारित है।

महोत्सव में जम्मू-कश्मीर के कलाकारों द्वारा गोजरी बैट नृत्य प्रस्तुत किया गया। गोजरी बैट नृत्य राम जय राम जय जय राम, अल्लाह हो अकबर और सत्यनाम वाहेगुरू के बोल पर भांगडा नृत्य के तर्ज में जम्मू-कश्मीर के कलाकारों ने किया। गोजरी बैट नृत्य में सर्व धर्म सद्भाव की झलक दिखाई दी। गोजरी बैट नृत्य को दर्शकों ने खूब पंसद किया। जम्मू-कश्मीर के बकरवाल समुदाय के कलाकारों ने बकरवाली नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य विवाह संस्कार पर आधारित था। नृत्य में कलाकारों ने विवाह होने और बिदाई के क्षण का जीवंत अभिनय कर प्रस्तुत किया।

त्रिपुरा के कलाकारों ने संगाई नृत्य प्रस्तुत किया। त्रिपुरा में उत्सव के समय यह नृत्य किया जाता है। कलाकारों ने रंग बिरंगी छतरी के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य में जन्म से लेकर पूरे जीवन को एक उत्सव के रूप में बताया गया। नृत्य में सोला श्रृंगार की भी झलक दिखी। संगाई नृत्य में गायक कलाकारों ने बुद्धम शरणम गच्छामि, धम्म शरणम गच्छामि और संगेरे चलव रे के मुधूर गीत के साथ नृत्य का आनंद और बढ़ गया।

महोत्सव में हिमांचल प्रदेश के कलाकारों ने हरनातर नृत्य प्रस्तुत किया। इस नृत्य में राक्षसों को भगाने का अभिनय किया गया। असम के कलाकारों ने बारदो शुक्ला नृत्य प्रस्तुत किया। इस नृत्य में धरती माता की वंदना की गई। इस नृत्य में स्त्रियों के सम्मान की सीख दी गई। बारदो शुक्ला असम के बोड़ो जनजातियों का पारंपरिक नृत्य है। सिक्किम के कलाकारों ने फ़सल कटाई के समय किए जाने वाला नृत्य लेचा प्रस्तुत किया। लद्दाख के कलाकारों ने लद्दाखी गजल नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य लद्दाख में होने वाले मेला मड़ाई के समय किया जाता है। अरूणांचल के कलाकारों ने इडू नृत्य प्रस्तुत किया। मध्यप्रदेश छिंदवाड़ा के जनजातीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य शैला गेंडी प्रस्तुत किया। शैला गेंडी नृत्य में पुरूष कलाकारों ने गेंडी पर चढ़कर नृत्य किया। महिला कलाकारों ने सिर पर दोहरी तीहरी गगरी रखकर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कर्नाटक के कलाकारों ने बंजारा सुगाली नृत्य प्रस्तुत किया।

31 दिसंबर की तैयारियां अंतिम चरणों में, हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी नजर

» नववर्ष पर विभिन्न इवेंट कंपनियां शहर में लोगों का करेंगी मनोरंजन

रायपुर(आरएनएस)। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर की तैयारियां युवाओं द्वारा जोर शोर की जा रही है। 31 दिसंबर मनाने के लिए युवाओं की टोली 31 की शाम को ही आसपास के पर्यटनस्थलों के लिए रवाना होगी। वहीं नया रायपुर आउटर विभिन्न माल्स बड़े होटल्स आदि में मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई से प्रख्यात इवेंट कंपनियां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बहुआयामी प्रस्तुतियां पेश करेंगी। इस हेतु बड़े होटल्स में बकायदा पास के साथ ही कपल्स के लिए टिकिट बिक्री आदि के लिए शहर में अनेक स्थानों पर काउंटर बनाये हैं। नववर्ष के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों द्वारा 1 जनवरी की सुबह मंदिरों में भगवान के दर्शन कर परिवार सहित प्रदेश की खुशहाली के लिए विशेष पूजा किए जाने की जानकारी भी मिली है। 31 दिसंबर एवं नव वर्ष के अवसर पर होने वाले विभिन्न आयोजनों को देखते हुए पुलिस महानिदेशक ने सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों को शांति व्यवस्था कायम करने के लिए विशेष निर्देश दिए हैं।

मंत्री कवासी लखमा को धमकी, सीबीआई अफसर बन 2 लाख की मांग

रायपुर(आरएनएस)। प्रदेश में अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले आबकारी मंत्री कवासी लखमा को सीबीआई अफ़सर बन 2 लाख रूपए की मांग करने की शिकायत सिविल लाइन थाने मे दर्ज की गई है। मंत्री कवासी लखमा और उनके पीएसओ ने मामले की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में की थी। थाने से मिली जानकारी के अनुसार मंत्री कवासी लखमा और उनके पीएसओ को लगातार फोन पर धमकी मिल रही है। उन्होंने बताया कि फोन करने वाला शख्स खुद को सीबीआई का अफ़सर बता रहा है। धमकी देने वाला आरोपी युवक खुद का नाम कभी अंकुश शर्मा तो कभी अजीत सिंह बता रहा है। कॉल पर 2 लाख रुपए की मांग कर रहा है।

प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी से गुणवत्ता सुधार के नवाचारी कार्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड से एक सक्रिय प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी का चयन कर उनके माध्यम से बच्चों के गुणवत्ता सुधार के लिए नवाचारी कार्य किया जाएगा। समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक पी.दयानंद ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, प्रार्चाय डाइट और जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा को निर्देश जारी कर कहा गया है कि प्रत्येक विकासखंड में गुणवत्ता सुधार के लिए कुछ नवाचारी कार्य प्रस्तावित कर उनका क्रियान्वयन करना है।

इस अनुभव के आधार पर आगामी वर्ष में सफल योजनाओं को राज्य के अधिकतम शालाओं में लागू किया जा सकेगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस कार्यक्रम में समय-सीमा का पालन करवाते हुए जिलों को इस प्रभावी कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाते हुए जमीनी स्तर पर ठोस कार्यक्रम प्रस्तावित करें, ताकि आगामी सत्र में संबंधित जिले के विकासखण्ड में संचालित सफल योजना का लाभ पूरे प्रदेश को मिल सके।

निर्देश में प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी द्वारा लिए जाने वाले कार्यों के संबंध में सुधार करने कहा गया है। इनमें कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं में सुधार कर किसी विशेष प्रक्रिया का पालन कर सुधार किया जाए। कक्षा शिक्षण के दौरान उपयुक्त एवं प्रभागी सहायक समाग्रियों के माध्यम से शिक्षण हो। बच्चों की उपलब्धि में सुधार के लिए शिक्षकों का सतत् क्षमता विकास किया जाए। सामुदायिक सहयोग के माध्यम से बच्चों की उपलब्धियों में सुधार करें। पठन कौशल विकास के लिए शाला पुस्तिका का उपयोग किया जाए। गणितीय कौशलों के विकास के लिए विभिन्न नवाचारी प्रयास किए जाए। विज्ञान शिक्षा को रोचक बनाने के लिए भी विभिन्न नवाचारी कार्यक्रम करें। टेक्नोलॉजी का उपयोग कर शिक्षण को रूचि कर बनाए। ग्रीष्मावकाश और शाला समय के अतिरिक्त कक्षा संचालन कर सुधार किया जाए। युवा क्लब के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि विकसित की जाए। शाला त्यागी, बाह्य, अनियमित बच्चों की नियमित उपस्थिति में सुधार करें। अभ्यास पुस्तकों के माध्यम से बच्चों के लर्निंग आउटकम में सुधार किए जाए। विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों, अनुसूचित जाति, जनजाति, बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित किए जाए।

आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 31 को

» पेनकार्ड आधार से लिंक नहीं कराया तो 2020 में लेनदेन होगा प्रभावित

रायपुर(आरएनएस)। कर दाताओं से आयकर रिटर्न लेने की अंतिम तिथि केंद्र सरकार द्वारा 30 सितंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर की गई थी। ऐसे आयकरदाता जिन्होंने अब तक अपना रिटर्न फाइल नहीं किया है उनके लिए आयकर रिटर्न फाइल करने के लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

31 दिसंबर के पश्चात आयकर रिटर्न भरने वालों के खिलाफ आयकर विभाग द्वारा रिटर्न के साथ ही भारी भरकम जुर्माने की राशि वसूली जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार जिन आयकर दाताओं ने अपना पेनकार्ड आधार कार्ड से लिंक नहीं कराया है उनके लिए भी आधार से लिंक कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित की गई है। पेनकार्ड को आधार कार्ड से लिंक नहीं कराने पर बैंक के खातेदारों को नववर्ष 2020 में आर्थिक लेनदेन करने में कठिनाई होगी। तात्यापारा के आयकर अधिवक्ता केएम अग्रवाल ने आयकर दाताओं से समय पर आयकर रिटर्न फाइल भरकर एवं पेनकार्ड को आधार से लिंक कराने की तत्काल अपील की है।

कमिश्नर और कलेक्टर ने राजा भानपुरी, धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया

राजनांदगांव(आरएनएस)। कमिश्नर दुर्ग संभाग दिलीप वासनीकर और कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने रात को राजनांदगांव विकासखंड के राजा भानपुरी धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने केंद्र में बारदाना रजिस्टर, किसान पंजीयन रजिस्टर, धान खरीदी रजिस्टर का निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारी से धान खरीदी के लक्ष्य और सभी तक खरीदे गए धान की मात्रा की जानकारी ली। कलेक्टर मौर्य ने प्रभारी को सभी पात्र किसानों का धान निर्धारित समय तक खरीदी करने के निदेश दिए। उन्होंने कहा कि दिन में ही धान की खरीदी की जाए। राज्य शासन के निर्देशानुसार नए और पुराने बारदाने का उपयोग किया जाना है। कोचियों का धान खरीदने की शिकायत मिलने पर प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी किशोर कुमार सोमवार भी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित शासन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की पुरानी कार्यकारिणी ने बाइलॉज का उल्लंघन कर लाखों का घोटाला किया-खान

» पुरानी कार्यकारिणी रजिस्टार फर्म्स एंड सोसायटी ने भंग कर नए चुनाव कराए जाने का आदेश जारी किया

रायपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ का गठन अविभाजित मध्य प्रदेश में 1998 में किया गया था। प्रदेश बनने के बाद प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी एवं द्वितीय मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को संघ का अध्यक्ष बनाया गया।

पुरानी कार्यकारिणी ने चुनाव न करवाकर अपना कार्यकाल चार वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर लिया। इसी तरह बाइलॉज का उल्लंघन कर आजीवन सदस्य बिना जनरल बॉडी की दो तिहाई सहमति के नियम विरूद्ध बनाया। जिसके चलते ओलंपिक संघ की खेल गतिविधियां प्रभावित हुईं। संघ के संविधान के अनुसार संघ की किसी भी हिस्से में परिवर्तन के लिए दो तिहाई सदस्यों की सहमति एवं उसका मिनिट्स बुक में उल्लेख किया जाना अनिवार्य है। उक्त जानकारी ओलंपिक संघ के वरिष्ठ खिलाड़ी बशीर खान एवं गुरूचरण सिंह होरा ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता दी।

पत्रकारवार्ता में खान एवं सिंह ने बताया कि संघ के लिए आबंटित राशि की आडिट रिपोर्ट भी रजिस्ट्रार कार्यालय में जमा नहीं की गई। पुरानी कार्यकारिणी द्वारा खेल गतिविधियों के नाम पर लाखों रूपए का घोटाला किया गया।

नेशनल गेम के लिए आबंटित राशि ढाई करोड़ का पुरानी कार्यकारिणी के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने कोई जानकारी सदस्यों को नहीं दी।

सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जा करने मिट्टी फिलिंग की शिकायत

कोरबा (आरएनएस)। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 गेरवाघाट की महिलाएं बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट नहर किनारे सिंचाई विभाग की जमीन पर रसूखदारों के कब्जा करने मिट्टी फिलिंग की शिकायत करने पहुंचे थे। कौशिल्याबाई, केराबाई, पूजा व अन्य ने बताया कि नहर किनारे सिंचाई विभाग की जमीन पर मोहल्ला बसा है। पुराने नाला को जेसीबी से समतलीकरण कर कब्जा किया जा रहा है। इसका पहले भी विरोध किया गया था। उस वक्त काम बंद कर दिया गया था। अब समतलीकरण का काम फिर से शुरू हो गया है। इसका विरोध करने पर महिलाओं को राजनैतिक धौंस दिखाकर धमकी दी जाती है। इस मिट्टी फिलिंग से नहर किनारे बसे लोगों के लिए परेशानी होगी। बरसात का पानी उनके घरों में घुस जाएगा।

अगर समय रहते मिट्टी फिलिंग का काम नहीं रोका गया तो भविष्य में उनकी परेशानी बढ़ जाएगी।